सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-203
23/04/2018

शौर्य के 160 वर्ष, बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव 2018 के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई

पटना, 23 अप्रैल 2018 :– शौर्य के 160 वर्ष, बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव 2018 के अवसर पर आज वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की पुनर्स्थापित पूर्व निर्मित अश्वरोही प्रतिमा एवं उनके जीवनी पर आधारित भित्ती चित्र का अनावरण किया। आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं अन्य अतिथियों ने उनकी अश्वारोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने बाबू वीर कुंवर सिंह की जीवनगाथा पर अधारित टेराकोटा म्यूरल का भी लोर्कापण किया। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि पार्क के बाकी दीवारों पर भी बाबू वीर कुंवर सिंह से संबंधित चित्र बनाये जायें ताकि उनसे संबंधित अधिक से अधिक जानकारी लोगों को मिल सके। मुख्यमंत्री ने वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क में और वृक्ष लगाने का निर्देश दिया। वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क में मुख्यमंत्री का स्वागत वहॉ उपस्थित बच्चों ने गुलाब का फूल भेंट कर किया। इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन कीर्तन एवं देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंद किशोर यादव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री विनोद नारायण झा, विधायक श्री श्याम रजक, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, पूर्व मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह, पूर्व विधान पार्षद श्री संजय सिंह, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, आयुक्त श्री आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी पटना श्री कुमार रवि सहित कई अन्य वरिष्ठ राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

*****